# CISTRO TELELINK LIMITED

CIN: L19201MP1992PLC006925
206, Airen Heights, AB Road Indore Indore 452010
Tel NO.:0731-2555022, Fax No.:0731-2555722
Email ID:cistrotelelink@gmail.com
Website: www.cistrotelelink.net

**Date: 05th September, 2020**

To,
Department of Corporate Service (DCS-CRD),
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort,
Mumbai – 400 001

**Sub: Submission of Newspaper Advertisement relating to the AGM of the Company.**

Dear Sir/ Ma'am,

We are enclosing a copy each of the advertisement(s) published in the newspapers viz., Free Press journal and Indore Samachar, in accordance with the Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020 issued by the Ministry of Corporate Affairs. The above Pre and Post advertisement, inter-alia, is given intimating the members of the Company that the Twenty Eighth Annual General Meeting of the Company will be held on Saturday, September 26, 2020 at 1.15 pm IST through Video Conferencing (VC)/Other Audio-visual Means (OAVM).

Kindly take the same on your record and acknowledge receipt of the same.

Thanking you,

Yours truly,

**FOR CISTRO TELELINK LIMITED**

CISTRO TELELINK LIMITED INDORE

**ARUN KUMAR SHARMA**
**DIRECTOR**
**DIN: 00369461**



## कोरोना योद्धाओं को 50 लाख सहायता राशि दी जाए, संगठनों ने की मांग

**इन्दौर।** कोरोना योद्धा द्वारा अपना कर्तव्य पूर्ण निष्ठा से निभाते चले आ रहे है। वहीं वार्ड नं. 4 के सफाई दरोगा जगदीश करोसिया अपने कर्तव्य पालन करते हुए कोरोना पाजिटिव होने से असमय काल के गाल में समा गए। शासन को योजना अनुसार कोरोना योद्धाओं को कार्य के दौरान मृत्यु होने से 50 लाख रुपए सहायता राशि दिये जाने की निगम आयुक्त से मांग की गई है। संयोजक महेश गौहर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आयुक्त प्रतिभा पाल से मिलकर शासन को प्रस्ताव भेजाकर 50 लाख रुपया दिया जाने की मांग की। इस पर आयुक्त द्वारा तुरन्त प्रस्ताव शासन को जाने का निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल में चारों यूनियन के प्रमुख रूप से बाबूलाल सिरसिया, विवेक करोसिया, नागराज नागर, हरीश नागर, श्याम अजय पाल, अशोक कलोसिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## नर्मदा किनारे बने सम्पवेल डूबने से इंदौर शहर में जलसंकट रहा

**इन्दौर (इ)।** तेज बरसात के चलते नर्मदा में आई बाढ़ के कारण जलूद में नदी किनारे बने सारे सम्पवेल पंप डूब गए हैं। इसके साथ ही नदी के पानी में कचरा आ रहा है। नर्मदा में आई बाढ़ की वजह से शहर की कई कालोनियों में जल संकट पैदा हो गया, क्योंकि 12 टंकियां पूरी तरह खाली रह गई और 11 से ज्यादा टंकियां अपनी क्षमता के अनुसार नहीं भराई। इस कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिला, क्योंकि टंकी कम भराने से पानी पूरी तरह प्रेशर से नहीं छोड़ा जा सका। अन्नपूर्णा, राजमोहल्ला, सदर बाजार, गांधी हॉल, खजराना, स्कीम 71, तुकोगंज, स्कीम 94, सर्व सुविधा नगर, छत्रीबाग और मल्हार आश्रम टंकी अपनी क्षमता से कम भराई।

## खरसोदिया महात्मा गांधी इंटरनेशनल नोबेल पीस अवॉर्ड 2020 से सम्मानित

**देवास (पवन यादव)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में देवास नगर की खेल प्रतिभा को निखारने वाले खेल गुरु मार्शल आर्ट कोच विजेंद्र खरसोदिया को संस्था होप इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड मुंबई द्वारा उनकी

उपलब्धियों को देखते हुए महात्मागांधीइंटरनेशनल नोबेल पीस अवॉर्ड 2020 से सम्मानित किया गया। विजेंद्र को यह सम्मान जु-जित्सु मार्शल आर्ट एवं महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु महिला आत्मरक्षा अभियान के प्रचार प्रसार हेतु प्राप्त हुआ । विजेंद्र की इस उपलब्धि पर संस्था संरक्षक देवास विधायक गायत्री राजे पवार, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा ,प्रेम परमार ,रजनी साहू ,दिलेर पारोसनिया, सहज सरकार ,रोहिणी कलम, विनोद सोलंकी ,रश्मि कलम, ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मालवा रत्न अलंकरण' सम्मान समारोह 2 सितम्बर को

**इंदौर।** नेताजी सुभाष मंच द्वारा प्रति वर्ष दिया जाने वाला 18वां मालवा रत्न अलंकरण सम्मान समारोह 2 सितम्बर 2020, बुधवार को मालवा



मिल स्थित शिवालय होटल में प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है। इस वर्ष चलित झांकी के कलाकार श्री राकेश वर्मा को मालवा-रत्न अलंकरण सम्मान से नवाजा जावेगा। उक्त जानकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष मदन परमालिया ने देते हुए बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री सज्जनसिंह वर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री मनोहर धवन, राजेश चौकसे, गिरधन नागर, अभय वर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। श्री राकेश वर्मा के सर्वप्रथम गुरू चलित झांकी के प्रथम जन्मदाता श्री मिश्रीलालजी वर्मा के सानिध्य में रहकर इस कला को निपुण किया।

## युवा कांग्रेस का रोजगार दो अभियान शुरू

**इन्दौर (इ)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के गलत आर्थिक फैसले नोटबंदी, जीएसटी और तालाबंदी की वजह से आर्थिक बर्बादी आकर बेरोजगारी लगातार बढ़ने के कारण देश में करोड़ों युवा बेरोजगार हो गए हैं। वहीं 14 करोड़ लोगों की नौकरियां खतरे में हैं। आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस ने देश भर में रोजगार दो अभियान शुरू किया है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी की अगुवाई में मिस कॉल नंबर 79987-99847 जारी किया गया है। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव और प्रवक्ता सुवेग राठी ने बताया कि युवाओं से मिस्ड कॉल कर समर्थन मांगा जाएगा। रेलवे सहित कई अमलों को प्राइवेट कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। सरकारी पोर्टल पर एक हफ्ते में 7 लाख लोगों ने नौकरी के लिए अर्जी दी, मिली सिर्फ 691 को। इस तरह एक पद के लिए हजार लोग दावेदार हैं।

राजस्व पुस्तक में निहित प्रावधानों के तहत किसानों को मिलेगी राहत

# बारिश थमते ही शुरू हो जाएगा नुकसान का आंकलन

**इन्दौर (इ)।**

प्रदेश में एक दर्जन से ज्यादा जिलों के करीब 600 गांव बाढ़ की चपेट में आए हैं। तीन दिन बाद भी कई गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं। बारिश की वजह से फसल, पशु एवं संपत्ति को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचा है। अब बारिश का दौर थमते ही बाढ़ प्रभावित जिलों में नुकसान का सर्वे शुरू हो जाएगा। प्रभावित किसान एवं ग्रामीणों को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी-6-4) के राहत के समस्त प्रावधानों के तहत राहत दी जाएगी। फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार पूरी सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि प्रभावित जिलों में फसलों आदि की क्षति का आकलन वैज्ञानिक तरीके से करें, जिससे फसल बीमा की राशि मिलने में दिक्कत न आए। जान-माल की क्षति का तुरंत आकलन कर आर.बी.सी. 6/4 के अंतर्गत सहायता दें। चौहान ने कहा है कि प्रदेश में बाढ़ प्रभावित लोगों की तत्परता से सहायता की जा रही है।



रेस्क्यू ऑपरेशन के माध्यम से करीब 10 हजार लोगों को सुरक्षित कर दिया गया है। किसी की जान का नुकसान नहीं होने दिया गया है। नौकाएं भी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए सक्रिय हैं। वायुसेना के तीन हेलीकाप्टर कार्य कर रहे हैं। एनडीआरईएफ के चार दल सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

**सीएस और डीजीपी कर रहे मॉनीटरिंग**

मुख्य सचिव, डी.जी.पी. आदि निरंतर बाढ़ की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। बाढ़ राहत के लिए सभी जिलों में बनाए गए नियंत्रण कक्षों के साथ ही राज्य स्तरीय कॉल सेंटर 1079 तथा डायल-100 चौबीस घंटे कार्य करें तथा समस्या आते ही निदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि भोपाल स्तर से जो भी मदद चाहिए तुरंत मिलेगी। जिन क्षेत्रों में बाढ़ नहीं है वहां के संसाधनों का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जाए।

**पानी को उबालकर पीने की सलाह**

बाढ़ के कारण पेयजल स्त्रोतों, तालाबों, कुओं आदि में गंदा पानी भर गया है। ऐसे में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। हैण्ड पंप का पानी अपेक्षाकृत शुद्ध होगा, अतः उसका अधिक इस्तेमाल हो। पेयजल को शुद्ध करने के लिए उसमें क्लोरीन आदि दवाओं का समुचित उपयोग हो। लोग गंदा पानी न पीएं, यह जागरूकता आवश्यक है। इसके अलावा पानी को छानकर तथा उबालकर शुद्ध बनाया जा सकता है। गंदा पानी पीने से हैजा फैलने की आशंका रहती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नगरों सहित सभी ग्रामीण डिपो होल्डर्स के पास सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हों। स्वास्थ्य अमला विशेष चौकन्ना रहे तथा डेंगू, मलेरिया, हैजा आदि बीमारियों से बचाव के सभी इंतजाम करे। दवाओं का आवश्यक छिड़काव करें।

श्री सनाढ्य सभा द्वारा ऑनलाईन भागवत कथा में मना कृष्ण-रूक्मणि विवाह

# अपने संस्कारों के कारण भारत भूमि की पहचान सबसे अलग

**इन्दौर।**

हम जीवन से लेकर मृत्यु तक 16 संस्कारों में बंधे हुए हैं और इसी कारण दुनिया में अन्य देशों से हमें अलग पहचान मिली हुई है। सनातन धर्म की बुनियाद को भी मजबूती देने वाला सबसे श्रेष्ठ संस्कार है। भारत वेद-पुराणों, धर्मगुरूओं, ऋषि-मुनियों और धर्मशास्त्रों की भूमि है। हम जन्म, मुंडन, अन्नप्राशन, शिक्षारंभ से लेकर विवाह के लिए भी मुहूर्त और तिथि देखकर काम करते हैं क्योंकि हमारी आस्था और श्रद्धा अपनी परंपराओं में भी है। पश्चिम की संस्कृति डूबते हुए सूरज की है जहां विवाह से पहले तलाक हो जाता है या विवाह के बाद सात माह भी रिश्ता नहीं चल पाता।



भागवताचार्य पं. हर्ष शर्मा ने आज चंद्रभागा जूनी इंदौर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पर श्री सनाढ्य सभा इंदौर की मेजबानी में चल रहे ऑनलाईन संगीतमय भागवत ज्ञानयज्ञ के छठे दिन व्यक्त किए। कथा में आज कृष्ण रूक्मणी विवाह का ऑनलाईन उत्सव भी मनाया गया। कृष्ण और रूक्मणी ने एक दूजे को वरमाला पहनाई। भक्तों ने घर पर रहते हुए इस उत्सव का आनंद लिया। प्रारंभ में पं. भगवती शर्मा, सुभाषचंद्र थापक, संजय बिरथरे, अनिल शर्मा, धीरेंद्र बिरथरे, दीपक शर्मा आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। विद्वान वक्ता की अगवानी श्रीमती पुष्पा शर्मा , वंदना शर्मा, राकेश पाराशर, धमेंद्र दुबे, सत्यनारायण दंडोतिया ने की। सभा के अध्यक्ष पं. देवेंद्र शर्मा एवं महासचिव पं संजय जारोलिया ने बताया कि कथा प्रसंगानुसार मंगलवार को दोपहर 2 से सांय 6 बजे तक सुदामा चरित्र एवं भागवत सार के साथ समापन होगा। कथा का ऑनलाईन प्रसारण सनाढय ब्राहम्ण समाज फेसबुक पेज पर लाईव किया जा रहा है। कथा स्थल पर सोशल डिस्टेंस, फेसमास्क एवं सेनेटाईजर सहित कोरोना से बचाव के सभी उपाय अपनाए जा रहे हैं। कथा में भक्तों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

पं. शर्मा ने कहा कि रूक्मणी विवाह भगवान के मन में नारी शक्ति के प्रति मंगल भाव का प्रतीक है। विवाह गृहस्थ जीवन का प्रवेश द्वार है। विवाह हमारी संस्कृति में सात जन्मों तक चलता है, जबकि पश्चिमी देशों में सात माह की भी गारंटी नहीं होती। भारतीय समाज मर्यादाओं और परंपराओं की बुनियाद पर ख?ा है। भगवान तन का नहीं मन का सौंदर्य देखते हैं। उनकी करूणा, दया और समता का प्रसाद सबको मिलता है। आज पश्चिमी देशों में सामाजिक एवं नैतिक मूल्य टूट रहे हैं। वहां चार लोग एक परिवार में 4 दिन नहीं रह सकते, हम 40 सदस्यों का परिवार चार पीढियों तक एक साथ चलाते हैं।

**कार्यक्रम स्थगित**

**इन्दौर।** इस वर्ष 2 सितंबर से प्रारंभ होने वाला 16 दिवसीय श्राद्ध पक्ष भी कोरोना महामारी की भेंट चढ गया है। श्रद्धा सुमन सेवा समिति ने गत 22 वर्षो से आयोजित किए जा रहे तर्पण महोत्सव को इस वर्ष स्थगित रखने का निर्णय लिया है। समिति के संस्थापक अध्यक्ष मोहनलाल सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष श्राद्ध पक्ष में हजारों साधक हंसदास मठ पहुंचकर अपने दिवंगत पितरों एवं देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए सेनानियों की सदगति के लिए निःशुल्क तर्पण करते आ रहे थे। इस बार जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए समिति ने 2 से 17 सितंबर तक श्राद्ध पक्ष में तर्पण महोत्सव स्थगित करने का निर्णय लिया है।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणव दा सक्रिय राजनेता थे : साबू

इन्दौर। अखिल भारतीय मतदाता मंच संयोजक सांई भक्त कमल कुमार साबू ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणव दा को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इंदिरा सरकार में 1973 में सबसे पहले शामिल पश्चिम बंगाल के नेता प्रणव मुखर्जी का निधन देश के लिए अपूणरणीय क्षति है। साबू ने कहा कि बंगाल से निकलकर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक पहुंचकर निःस्वार्थ भाव से देश को अपनी सेवाएं प्रणव दा ने दी है। अच्छे विदेश मंत्री, श्रेष्ठ वित्तमंत्री, आदर्श सांसद, सच्चे जननेता, सेवाभावी राष्ट्रपति रहे। साबू ने कहा कि सच्चे समाजवादी अच्छे राष्ट्रवादी व्यक्ति का जाना भारतीय राजनीति की क्षति है, जो कभी पूरी नहीं हो सकेगी।

सांई प्रचार मिशन ने स्मृति द्वार सुदामा नगर पर कांग्रेस नेता राजदत्त शर्मा की अध्यक्षता में शोकसभा की। शोक प्रस्ताव पारित कर प्रणव दा के पुत्र अभिजीत मुखर्जी को भेजा गया। शोकसभा में उमेश लेखी, एडवोकेट महेश लाठी, डा. प्रेम व्यास ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। दो मिनट का मौन रखा गया।

# जीवन में जो सीखना चाहते हो सीखों, लेकिन एक्सपर्टीज केवल एक चीज हासिल करों - मेहर

**इन्दौर।**

हमने कई व्यक्तियों के मुँह यह बात जरूर सुनी होगी कि दिमाग का इस्तेमाल करों । दिमाग अर्थात् मस्तिष्क एक ऐसा विषय है जिसके बारे में जितनी बाते खोजी जाए उतनी ही कम है । मस्तिष्क के बारे में केवल जानना ही पर्याप्त नही है उसका सही रूप के कैसे उपयोग लिया जाए यह भी महत्वपूर्ण विषय है ।

अमेजिंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के फाउन्डर चेयरमैन एवं मेमोरी पॉवर एक्सपर्ट दिनेश मेहर द्वारा बताया कि हमारा मस्तिष्क हमारे साथ जीवन भर होता है, यह हमारे जन्म से मृत्यु तक हमारे साथ रहता है । वैसे तो मस्तिष्क में अनेक शक्तियों का भण्डार है इनमे से कुछ से बारे में



जानते है कि हमारे मस्तिष्क में कौन-कौन सी शक्तियाँ विद्यमान है स्मरण, रचना, आषय, नम्रता, सावधान, अन्तकरण शुद्धि, न्याय, समय, रूचिकर, काव्य, भक्ति, लगन, पहचानने, संग्रहण आदि । इनमें से यदि हम एक शक्ति का भी सही और निरन्तर उपयोग कर ले तो सफलता की ऊचाईयों को आसानी से छू सकते है । हमें जीवन में जो चीज सीखने की इच्छा है वह सीखों लेकिन हमारी एक्स्पर्टीज केवल एक चीज में होना चाहिये । यदि हमे बहुत सी चीजों का ज्ञान है लेकिन एक्स्पर्टीज एक में भी नहीं है तो हमारा सारा ज्ञान जो हमने हासिल किया है वह हमारे लिये कम कारगर साबित होगा । आशा करता हूँ कि आप मेरी बात को समझ गये होगे ।


## सिस्ट्रो टेलीलिंक लिमिटेड

सीआईल L19201MP1992PLC006925

पंजीकृत कार्यालय 206, एरियन हाईट्स, ए.बी. रोड़, इंदौर मध्यप्रदेश 452010, वेबसाईट : www.cistrotelelink.net ईमेल आईडी : cistrotelelink@gmail.com

### 28वीं वार्षिक आमसभा व लेखाबंदी की घोषणा

यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 एवम् उसके अंतर्गत निर्मित नियमों एवम् सिक्यूरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया (लिस्टिंग आब्लिगेशंस एवम् डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट) रेग्युलेशन, 2015 सहपठित कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक 14/2020, 17/2020 एवम् 20/2020 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020 एवं 5 मई 2020 एवम् सिक्यूरिटी एवम् एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया के द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एसईबीआई/एचक्यू/सीएफडी/सीएमडी 1/सीआईआर/पी/2020/79 के अनुपालन में कंपनी की 28वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) 26 सितंबर 2020 को दोप. 01.15 बजे ऑडियो विजुअल प्रक्रिया के द्वारा सूचना में वर्णित कार्यवृत्त सम्पन्न कराने एवम् उसमें प्रदत्त व्याख्यात्मक विवरण को पूर्ण करने हेतु आयोजित की जा रही है। सदस्य गण वार्षिक आमसभा में ऑडियो विजुअल माध्यम से भाग ले सकेंगे, सदस्यों को प्राक्सी की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। ऑडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक आमसभा में भाग ले रहे सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 103 में प्रदत्त कोरम के प्रावधान को पूर्ण करने हेतु की जायेगी।

2. उपरोक्त वर्णित परिपत्रों के परिपालन में नोटिस की एवम् वार्षिक साधारण सभा की इलेक्ट्रानिक प्रति सभी सदस्यों को कंपनी की पंजी एवं शेयर्स ट्रांसफर एजेंट के पास दर्ज उनके ईमेल पर भेजी जायेगी। उपरोक्त उल्लेखित दस्तावेज कंपनी की वेबसाईट www.cistrotelelink.net एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध हैं। सदस्य ध्यान देवें कि उपरोक्त वर्णित परिपत्रों के प्रावधान अनुसार उन्हें उपरोक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रति प्रदाय नहीं की जायेगी।

3. सभी सदस्यों को सूचना में प्रदत्त समस्त प्रस्तावों पर आमसभा के दौरान मतदान हेतु इलेक्ट्रानिक पद्धति से मतदान करने हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा दी गई है। जो सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के द्वारा मत नहीं डाल पायेंगे वे सदस्य वार्षिक साधारण सभा में ऑडियो विजुअल प्रक्रिया से भाग लेते समय ई-वोटिंग प्रक्रिया से मत डाल सकेंगे। कंपनी के द्वारा वार्षिक आमसभा के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग एवम् ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

4. वे सदस्य जो कंपनी के अंश भौतिक रूप से धारित करते हैं तथा उन्होंने अभी तक अपने ई-मेल एड्रेस कंपनी अथवा डिपोजिटर्स के समक्ष पंजीकृत या अद्यतन नहीं कराये हैं वे कंपनी की आमसभा में ई-वोटिंग अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग के द्वारा मतदान करने हेतु यूजर आईडी व पासवर्ड हासिल करने के उद्देश्य से cistrotelelink@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से निम्न दस्तावेज भेजें।

1. कंपनी के अभिलेख में दर्ज उनका नाम
2. डीपीआईडी, क्लाईंट आईडी, क्लाईंट मास्टर कापी अथवा कंसोलिडेटेड अकाउंट स्टेटमेंट (डी मेट प्रारूप में धारित अंशो हेतु)
3. फोलियो क्रमांक, शेयर्स सार्टीफिकेट (भौतिक रूप से धारित शेयर्स हेतु)
4. ई मेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर
5. पैन एवं आधार कार्ड की सत्यापित प्रति

5. वार्षिक साधारण सबा की सूचना में वार्षिक साधारण सभा में ऑडियो विजुअल प्रक्रिया से भाग लेने, दूरस्थ ई-वोटिंग/ई-वोटिंग करने के विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किये गये हैं। सभी सदस्य उनका गहराई से अध्ययन कर लें।

6. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 एवं उनके अंतर्गत विर्निमित नियमों के तहत यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी की सदस्यों की पंजी एवम् शेयर्स ट्रांसफर पुस्तकें रविवार 20 सितंबर 2020 से शनिवार 26 सितंबर 2020 (दोनों दिवसों को सम्मिलित करते हुए) बंद रहेंगी। जिससे कि सदस्यों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से अथवा वार्षिक आमसभा में मतदान की पात्रता हासिल हो सकें।

संचालक मण्डल की तरफ से
तर्फे सिस्ट्रो टेलीलिंक लिमिटेड
हस्ता/-अरुण कुमार शर्मा
दिनांक : 30 अगस्त 2020, स्थान : मुम्बई निदेशक
डीआईएन क्रं. 00369461


## कार्टून कोना




# वार्ड 21 की मुख्य सड़कों का निर्माण नही हुआ तो भूख हड़ताल पर बैठेंगे कांग्रेस महामंत्री

**देवास(पवन यादव)।**

एबी रोड़ स्थित वार्ड वार्ड क्रमांक 21 जो कि देवास शहर की पास कालोनी के अंतर्गत आता है। यहां की मूलभूत समस्या 15 सालों से बिल्कुल चरमरा गई है। यहां पर नगर निगम व पूर्व पार्षद द्वारा वार्डवासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता रहा।

पूर्व में यह वार्ड भ्रष्टाचार की भी भेंट चढ़ गया। जिसका हमारे पास प्रमाण है। पूर्व में वार्र्वासियों द्वारा समस्याओं को लेकर मुख्य चौराहे पर धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, पूतला दहन किया जा चुका है। फिरभी नगर निगम के आला अधिकारियों कीकानपर जूं तक नही रेंगी। नगर निगम द्वारा हर बार आश्वासन ही दिया जाता रहा है। यदि वार्ड की मुख्य सड़कों का हाल ऐसा है तो गलियों की सड़को की हालत क्या होगी? शहर कांग्रेस महामंत्री ओम राठौर ने कहां की एक सप्ताह के अंदर गंगानगर की मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया तो वार्ड वासियों के साथ भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी नगर निगम की रहेगी। उसके बाद भी समस्या हल नही हुई तो वार्ड के भ्रष्टाचार के प्रमाण लेकर न्यायालय की शरण लेंगे एवं पूर्व पार्षद ममता दिलीप शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।


MOTILAL OSWAL HOME LOANS

## मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड

CIN: U 65923 MH 2013 PLC248741

**पंजीकृत कार्यालयः** मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सायानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-450025, फोन (022) 471 89999, वेबसाईटः www.motilaloswalhf.com ई-मेल hfquery@motilaloswal.com

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड (एमओएचएफएल) **पूर्व में एस्पायर होम फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के रूप में ज्ञात** (एएचएफसीएल), नेशनल हाऊसिंग बैंक (एनएचबी) के समक्ष हाऊसिंग फायनेंस कम्पनी के रूप में पंजीकृत है जिसका पंजीकृत कार्यालय मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, परेल एस.टी. डिपो के सामने, प्रभादेवी की मुंबई -400025, पर स्थित है। वह अपनी 101, पहली मंजिल, भूखंड क्रमांक 47 व 48 (सर्वे क्रमांक 320/1, 320/2, 321, 322, 323 व 324), अग्रवाल टॉवर वार्ड क्रमांक 8, महू नीमच मेन रोड, सुदर्शन काम्प्लेक्स के पास, पीथमपुर-454775, मध्यप्रदेश स्थित अपने शाखा कार्यालय को स्थानांतरित कर नये पते 201-201, शगुन आर्केड विजयनगर क्रासिंग, इन्दौर-452010, मध्यप्रदेश स्थित कार्यालय पर 15 दिसम्बर 2020 से स्थानांतरित करने जा रहा है। जो ग्राहक अभी तक पूर्व शाखा कार्यालय से सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। सभी संबंधित लोगों से निवेदन है कि वे इस परिवर्तन का संज्ञान ले लेंवे।

**मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड तर्फे**
**(पूर्व में एस्पायर होम फायनेंस कार्पोरेशन लि. के रूप में ज्ञात)**
स्थान : मुंबई **प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
दिनांक :1 सितम्बर 2020

## Online competitions result announced

**BHOPAL:** Apulki Maharashtra Mandal Bhopal announced the results of online competitions on Monday. The Mandal organised the online contests to mark 10-day Ganesh Utsav due to Covid-19. In traditional attire competition, Archana Nighojkar secured the first position while Neelam Korde and Jyoti Chitle got the second and the third positions respectively. Ranjana Bholeram won the first prize while Sudhakar Nike and Archana Nigojkar got the second and the third prizes respectively in Marathi devotional songs contest.

# DAMAGED: 8,000 KM ROADS IN MP

### HEAVY RAIN LEAVES WRECKAGE

RAJESH THAKUR
BHOPAL

About 8,000 kilometre long roads of 12 districts were damaged in recent rain in the state. The public works department has estimated the primary loss at Rs 150 crore. The recent rain has damaged crops, roads and bridges.

The roads of Hoshanganad, Bhopal, Chhindwara, Sehore, Raisen, Narsinghpur, Seoni, Balaghat, Harda, Vidisha and Dewas districts have damaged badly. The PWD engineer-in-chief Chandra Prakash Agarwal told Free Press that preliminary assessment of losses of roads is estimated to Rs 140 crore, which may increase on completion of survey. The district and divisional officials have been told to compile report of damages in their respected areas and start repair work. According to Agarwal, the state has 4,771 kilometres of roads that are National Highways, 10,297 km are state highways, 19,429 km are Major District Roads and 26,482 km are village roads. About 60,000 kilometres roads are present in the state that are maintained by PWD, MP Road Development Corporations and PM Gram Sadak Yojana cell.

The PWD is collecting real time data of the damaged roads and the culverts at 419 places in the state. As many as 120 out of 251 reservoirs in the state are full, requiring dam gates to be opened to let out excess water. The state has received 815.2mm of rainfall till Saturday morning against the expected rain of 743 mm.

### CM ORDERS PROBE

Chief minister Shivraj Singh Chouhan on Monday ordered inquiry into two bridges that collapsed in Seoni district. On Sunday evening, a newly constructed bridge along with other were washed out in heavy flood. Both the bridges were built over Wainganga river.

One bridge built 10 years back connected Chhapara and Bhimgarh, the other bridge connected Sonwara and Dhanora. The second bridge whose construction was completed two months back was built under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana (PMGSY). Its construction had begun in September 2018. The bridge was yet to be officially• inaugurated. It was already in use.

## CM walks through mud barefoot to reach flood-hit



### Heavy rains damage crops on 7L hectares in 14 districts, says Chouhan

OUR STAFF REPORTER
BHOPAL

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan was back in his old form on Monday.

To know the problems of flood-hit people, he visited several villages in Hoshangabad and in Sehore districts by boat.

Sometimes he had to walk through mud barefoot to reach those villages. He also spoke to villagers.

He went to villages on the banks of the Narmada in Nasrullahganj area, Hoshangabad. Chouhan told villagers not to worry about anything, because the government would provide them all help. He asked the district administration and locals to help the flood victims.

The Chief Minister directed the officials to ensure power supply and pay attention to cleanliness so that water-borne diseases do not spread once the flood waters recede. Chouhan told the farmers not to worry about crop loss. He also said crops on seven lakh hectares in 14 districts were damaged due to heavy rains. Efforts will be made to compensate the loss through Crop Insurance Scheme and through the provisions of RBC, Chouhan said.He said he had already spoken to Union Home Minister Amit Shah about the flood situation in the state.

# BJP's Prabhat Jha, 2 MLAs test C+ve

OUR STAFF REPORTER
BHOPAL



BJP vice president Prabhat Jha and two BJP MLAs tested corona positive on Monday. MLAs Sardendu Tiwari (Churhat) and Sanjay Sharma (Tendukheda) have tested positive. Jha was in Gwalior-Chambal for the last 7-8 days for party work. He has appealed to party men who contacted him during this period, to undergo corona test.

State recorded 64,157 positive cases and death toll swelled to 1,394. Twenty deaths have been reported in last 24 hours.

Indore accounts for 12,992 positive cases and 393 deaths, followed by Bhopal with 11,099 cases and 285 deaths. Ujjain is at the third spot with 80 deaths and 1,775 positive cases. Burhanpur recorded 562 while Neemuch has 1,215 positives. Khandwa accounts for 936 positive cases while Khargone's corona tally stands at 1573. Jabalpur recorded 4105 cases. Morena recorded 2079 cases, Mandsaur recorded 800 cases, Dhar recorded 889 cases. Dewas has reported 718 cases. Sagar recorded 1,135 cases. Tikamgarh has 425 cases,

Raisen has 667 cases while Bhind till date accountd for 619 cases. Sheopur has 506 cases and Rewa had 727cases. Rajgarh has 841 and Barwani has 1,139 cases. Chhindwara has 458 and Vidisha has 906 cases. Shajapur has 464 cases while Damoh has 627 cases. Datia has 678 cases while Satna has 532 cases and Jhabua has 644 cases. Panna has 265 cases, Balaghat has 288 cases while Sehore has 657 cases. Hoshangabad has 546 cases and Narsingpur has 404 cases while Betul has 686 cases and Shivpuri has 944 cases. Ratlam recorded 997 cases. Chhatarpur has 597 cases. Ashoknagar has 205 and Agar-Malwa has 208 cases. Sidhi has 315 cases and Singrauli has 363 cases while Shahdol has 565 cases. Guna has 336 cases while Anuppur has 409 cases and Alirajpur has 586 cases. Katni has 481 cases while Umaria has 128 cases and Seoni has reported 246 cases. Dindori has 145 cases and Niwari has 174 cases while Mandla has reported 181 cases. As per health department, 1,734 positive cases were reported in state on Monday. During the day, 27,613 samples were examined in the state.

## Cong leader succumbs to coronavirus



Congress party general secretary Mohammed Salim, 59, died due to corona on Monday. He was undergoing treatment in Chirayu Hospital. His wife Mahzabin had died due to corona on August 17. She was asthmatic and diabetes. Former CMs Kamal Nath and Digvijaya Singh have expressed grief over death of Mohammed Salim.

# Govt to provide free transport facility to JEE, NEET aspirants

### Examinees can call at 181 or apply on http://mapit.gov.in/covid-19

OUR STAFF REPORTER
BHOPAL

The state government will arrange free of cost transportation for the NEET and JEE exams aspirants. The JEE exams are scheduled to begin from September 1, and NEET exam will be held on September 13.

The decision comes in wake of the private passenger bus operators' decision to keep their vehicles off road over their pending demands. As there seemed to be no end to the stalemate between the government and bus operators over the running of busses, the students and their parents were worried.

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan said that students will be provided free of cost transportation to the exam centre and back to their homes. The students have been asked to visit https/mapit.gov.in/covid-19 or give a call on 181 to register themselves for the transportation. One person can also travel with the student. Arrangements will be done from block HQ (headquarters) and district HQ of exam centres

Meanwhile, the MLA and the Youth Congress President Kunal Choudhary said the Centre government was violating the WHO norms by holding NEET and JEE mains exams.

Talking to the media here, he raised four questions - How will the students and parents be prevented from getting infection? Will the transportation arrangements be made corona free? •What measures will be adopted to ensure safe transportation? And lastly What are the norms and policies under which the whole work will be completed?

# BHARAT'S RATNA JOINS THE STARS

ROBIN ROY

Whether he was the powerful Finance Minister, or in political oblivion or the President of India, he never missed a chance to worship Maa Durga at his native place and that is where probably he derived his "Shakti" from.

Voted as the best Finance Minister in the World by Euromoney magazine in 1984, Pranab Mukherjee was introduced to politics in 1969 by Indira Gandhi. He was later guided to become an RS member. Mukherjee is, till date, the only Finance Minister of the country to have presented seven budgets. And he also became the only Finance Minister to serve the post both, in the Pre-Liberalisation and Post-Liberalisation regimes.

Union Minister for over 20 years, Mukherjee had a rare distinction of having served as Union Minister for Finance, External Affairs, Defence and Commerce. He also had another rare feat ... he served as leader of both Houses of Parliament - Leader of the House in Rajya Sabha (1980-85) and Leader of House in Lok Sabha (June 2004 to June 2012). He was also Deputy Chairman of the Planning Commission (1991-96).

#### MUKHERJEE'S UPA-SANA!

The versatile politician and Congressman stalwart played a crucial role in the functioning of UPA regimes. He continued to do so till he was chosen to become India's First Citizen in 2012.

#### A BRADALOK THROUGHOUT

Pranabda, as he was fondly called, displayed decency in politics which had no place for personalised attacks even as he remained firmly rooted to Congress' ideology.

#### WAS IT A COINCIDENCE?

Congress fortunes plunged to the lowest ebb since he quit from the party and active politics in 2012 to contest the presidential election. The Congress faced its worst poll drubbings in the last two Lok Sabha elections having won 44 and 52 seats.

His indispensability for the Congress can be understood from the fact that he had headed 95 Group of Ministers to sort out tricky issues.

#### THE FALLOUT

He had an apparent fallout with Rajiv Gandhi in 1984 following Indira's assassination. He had left the Congress in 1986 and formed Rashtriya Samajwadi Congress. The two got together in 1989 and Pranabda merged his party with Congress.

#### BANKING REFORMS

He was key in setting up the Regional Rural Banks (1975) and the EXIM Bank of India as well as National Bank for Agriculture and Rural Development (1981-82).

#### BHARAT'S RATNA

He had excellent cross-party connects and got along very well with the opposition. He was conferred Bharat Ratna in 2019 during the rule of BJP-led NDA government. He shared an excellent mutual respect with Prime Minister Narendra Modi.

#### BLAST FROM THE PAST

- Pranab Mukherjee was a professor. He taught Political Science at Vidyanagar College in South 24 Parganas, West Bengal, in 1963.
- He also worked as a journalist with a local Bengali newspaper, Desher Dak.
- He was given the Best Parliamentarian Award in 1997, and Best Administrator in India Award in 2011.
- Was conferred honorary doctorate by several universities including by Al-Quds University, Palestine and Hebrew University, Israel.


**INDIAN OVERSEAS BANK**
Regional Office : C.P. Square, 2 Malviya Nagar, Bhopal-462003
Tel : 0755-2570970, 2570212 e-mail : bhoroplan@jaisco.iobnet.co.in

Bank proposes to sell its One vehicle **Model Maruti swift LXI** in **"As is where is"** condition to public. Interested public are requested to send the applications in the bank's format addressed to Chief Manager, Indian Overseas Bank, Regional Office, Malviya Nagar, Bhopal. Last date for submission of tender is **10.09.2020 till 2.00 pm**. Prescribed format and more information is available on our website **(www.iob.in/tenderlist.aspx)**.

MOTILAL OSWAL HOME LOANS
**Motilal Oswal Home Finance Limited**
CIN - U65923MH2013PLC248741
Regd. Office: Motilal Oswal Tower, Rahimtullah Sayani Road,
Opp. Parel ST Depot, Prabhadevi, Mumbai - 400 025, **Tel:** (022) 47189999
**Website:** www.motilaloswalhf.com, **Email:** hfquery@motilaloswal.com

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the public at large that Motilal Oswal Home Finance Limited (MOHFL) **(Formerly Known as Aspire Home Finance Corporation Limited) (AHFCL)**, a Housing Finance Company registered with National Housing Bank (NHB), having its registered office at Motilal Oswal Tower, Rahimtullah Sayani Road, Opp. Parel ST Depot, Prabhadevi, Mumbai - 400 025, intends to shift its Branch office from Office No. 101, 1st Floor, Plot No 47 & 48 ( survey no 320/1, 320/2,321,322,323 & 324), Agrawal Tower, Ward No. 8, Mhow Neemach Main road, Near Sudarshan Complex, Pithampur-454775, Madhya Pradesh to Office No. 201-202 Shagun Arcade, Vijay Nagar Crossing , Indore - 452010, Madhya Pradesh w.e.f. December 15th, 2020.
